DAILY NEWS ACTIVIST, LUCKNOW
Wednesday, November 17, 2010

टीसीएस आईटी विज की विजेता बनी एलपीएस

डेली न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। टीसीएस आईटी विज 2010 का आखिरी सवाल पूछा जाने वाला था। सभी श्रोताओं के साथ छ: टीमों की भी सांसे थमी हुई थीं। गलत जवाब से पांच नम्बर कट सकते थे। सवाल पूरा भी नहीं हुआ और लखनऊ पब्लिक स्कूल की छात्र टीम ने बटन दबाया। क्विज मास्टर ने जैसे ही दिए जवाब को सही बताया पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा और एलपीएस को क्विज प्रतियोगिता का विजेता घोषित कर दिया गया। गोमती नगर स्थित उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाड्गे जी महाराज सभागार में टीसीएस द्वारा आईटी क्विज प्रतियोगिता का क्षेत्रीय फाइनल आयोजित किया गया। जिसमें यूपी और उत्तराखंड के छ: विद्यालयों की छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया। ये सभी विद्यालय 604 विद्यालयी टीमों को पछाड़ कर फाइनल में पहुचे थे।

एलपीएस के रोहित कश्यप और स्वपनिल पलाश को आईआईएम के निदेशक प्रो. देवी सिंह ने विजयी ट्रॉफी, एक-एक लैपटॉप और अन्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। एलपीएस ने प्रतियोगिता में 55 अंक हासिल किया। वहीं उपविजेता टीम समर वैली, देहरादून के छात्र दिनकर जुयाल और विनायक शर्मा को जीबीटूयी के कुलपति प्रो. कृपाशंकर ने उपविजेता ट्रॉफी, एक-एक नोटपैड तथा अन्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समर वैली ने 35 अंक प्राप्त किया। सेठ आनंदराम जयपुरिया, कानपुर ने 30 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। वहीं लखनऊ पब्लिक कॉलेज को 10 तथा मोंटफोर्ट और डीपीएस को शून्य अंक प्राप्त हुआ। इससे पहले हैदराबाद, अहमदाबाद, बंगलौर, चैन्नई, कोयंबटूर, पुणे, कोलकाता, भुवनेश्वर और कोच्चि में किया गया। दिल्ली और मुबंई के क्षेत्रीय संस्करण के पश्चात 18 दिसम्बर को 12 क्षेत्रीय विजेता टीमें राष्ट्रीय चैंपियन के खिताब के लिए लड़ेंगी। इस अवसर पर टीसीएस के हेड जयंत क्रिशनन् ने कहा कि लखनऊ की टीम कोलकाता और बंगलुरू के बाद तीसरी उत्कृष्ट टीम है। प्रो. कृपाशंकर ने छात्रों की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि प्रतियोगिता में पूछे गए किसी भी प्रश्न का जवाब उन्हें नहीं आता था।

प्रो. देवी सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि इस मामले में वे प्रो. कृपाशंकर से आगे रहीं क्योंकि उन्हें कुछ प्रश्नों के जवाब आते थे। क्विज मास्टर ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। इस अवसर पर कई विद्यालयों के सैकड़ों छात्रों के अलावा टीसीएस कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रोता के रूप में उपस्थित छात्रों से भी कई प्रश्न पूछे गए और सही जवाब पर उन्हें पुरस्कार दिया गया। बेस्ट स्कूल का खिताब सेंट जॉन बॉस्को, गोमतीनगर को दिया गया।

अंतिम समय में जीता एलपीएस

लखनऊ। फाइनल राउंड के पहले एलपीएस के 35, जयपुरिया के 30 और समर के 25 अंक थे। फाइनल में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। एक के साथ 5 अंक गंवाने का खतरा और सही जवाब के 15 अंक थे। एलपीएस ने बजर बजाकर दो सही जवाब देकर अपनी जीत सुनिश्चित कर ली। वहीं समर वैली ने आधा जवाब देकर दूसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया।